(क) कुतुब मीनार दिल्ली के ऐतिहासिक पहलू के बारे में प्रमुख इतिहासकारों और विद्वानों के बीच मतभेद का ब्यौरा क्या है और उन प्रमुख इतिहासकारों तथा विद्वानों के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या तथ्यों का पता लगाने के लिये उन इतिहासकारों तथा विद्वानों की एक गोष्ठी बुलाने के प्रस्ताव पर सरकार विचार करेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमती जहांआरा जयपाल सिंह)** : (क) कुतुब मीनार के इतिहास के सम्बंध में प्रमुख इतिहासकारों और विद्वानों के बीच मतभेद के ब्यौरे विवरण में दिये हैं जो सभा-पटल पर रखा गया है। (**पुस्तकालय में रखा गया।** देखिये संख्या LT—894/69)

(ख) और (ग). जी नहीं। जब तक कुतुब मीनार के इतिहास के सम्बन्ध में कुछ नई सामग्री का पता नहीं चलता, तब तक किसी गोष्ठी के बहुत उपयोगी सिद्ध होने की सम्भावना नहीं है।

**केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा संचार विभाग की नियम पुस्तिकाओं तथा प्रपत्रों का अनुवाद**

7602. **श्री बलराज मधोक :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संचार विभाग तथा उससे सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों से केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय को अब तक संशोधन करने के लिए कुल कितने अनुदित प्रपत्र तथा नियम पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं।

(ख) यदि हां, तो संशोधन किये जाने के बाद कितने प्रपत्र तथा नियम पुस्तिकाएं सम्बन्धित कार्यालयों को लौटाई गई हैं; और

(ग) शेष अनुदित प्रपत्रों तथा नियम पुस्तिकाओं में संशोधन करने के बारे में स्थिति क्या है और संशोधन कार्य कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) से (ग). संचार मंत्रालय और उसके सम्बद्ध तथा अधीन कार्यालयों से जांच के लिए 3 फार्म और 6 मैनुअल प्राप्त हुए थे। उन सभी को जांच करने के बाद लौटा दिया गया है। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के पास इस समय कोई कार्य निलंबित नहीं है।

**सरकारी कर्मचारियों को स्थायी बनाने के बारे में नियम**

7603. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को स्थाई बनाने के बारे में कोई नये नियम बनाए गए हैं; और

(ख) क्या सरकारी कर्मचारियों को स्थाई बनाने के बारे में वर्तमान आदेशों की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखी जाएगी ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** :(क) और (ख). स्थायीकरण से संबन्धित विद्यमान सामान्य तत्व तथा प्रक्रिया 20-12-68 को लोक सभा में सर्वश्री पी० आर० ठाकुर और सिधय्या के अतारांकित प्रश्न संख्या 5370 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में दिये थे। प्रत्येक निम्नलिखित संबंधित आदेश की एक प्रतिलिपि सदन के सभा-पटल पर रखी जाती है। (**पुस्तकालय में रखा गया।** देखिए संख्या LT—895/69)

कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/9/58 आर० पी० एस०
दि० 16-5-59

कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/1/55 ग्रार० पी० एस० दि० 17-2-55

कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/10/64 सिब्बन्दी (घ) दि० 14-1-65

कार्यालय ज्ञापन संख्या 12/10/63 सिब्बन्दी (घ) दि० 27-12-63

कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ० 44/1/59 सिब्बन्दी (क) दि० 15-4-59

गृह मंत्रालय द्वारा कोई नया ग्रादेश नहीं निकाला गया है ।

**दिल्ली में ग्रीनफील्ड्स कालोनी के प्लाट होल्डर**

7604. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ग्रोम प्रकाश त्यागी :**
**श्री राम चन्द्र वीरप्पा :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 5335 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के निकट ग्रीनफील्ड्स कालोनी के प्लाट होल्डरों को दिये गये कथित धोखे के बारे में सरकार ने जाँच पूरी कर ली है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन तथ्यों का पता लगा है ग्रौर इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है; ग्रौर

(ग) यदि ग्रब तक जांच पूरी नहीं की गई है तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) इन परिस्थितियों में तथा मामले के तथ्यों पर कालोनाइजर के विरुद्ध धोखाधड़ी तथा गबन का कोई ग्रपराध स्थापित नहीं हो सका ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**केन्द्रीय सड़क समिति**

7605. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री ग्रोम प्रकाश त्यागी :**

क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 5264 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सड़क समिति नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका व्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं; ग्रौर

(घ) यह समिति कब तक नियुक्त की जायेगी ?

**संसद कार्य विभाग ग्रौर नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री ( श्री इकबाल सिंह )** : (क) से (घ). केन्द्रीय सड़क समिति नियुक्त करने का प्रस्ताव ग्रभी विचाराधीन है ।

**विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के लिये भर्ती सम्बन्धी योजना**

7606. **श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ग्रोम प्रकाश त्यागी :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 5356 के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किसी विशेष भर्ती वर्ष में भरे जाने वाले रिक्त स्थानों की संख्या का ग्रनुमान लगाने के लिये उनके मंत्रालय द्वारा विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों को भेजे गये पत्र के बारे में उन मंत्रालयों तथा विभागों की प्रतिक्रिया क्या है;

(ख) जिन मंत्रालयों तथा विभागों ने इस बारे में कार्यवाही की है, उनके नाम क्या हैं;

(ग) क्या संघ लोक सेवा ग्रायोग की हिदायतों के बारे में मंत्रालयों ग्रादि का ध्यान दिलाया गया है;

(घ) यदि हां, तो उन्हें कब हिदायतें दी गई ग्रौर उनका व्यौरा क्या है; ग्रौर

(ङ) यदि नहीं, तो कब तक हिदायतें जारी किये जाने की संभावना है ?